प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के एल्युमिनाई संगठन (4ए) को मिली एम्बुलेंस सुविधा

पन्तनगर। 22 मई, 2024। भारतीय स्टेट बैंक, शाखा– पन्तनगर द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत एक फोर्स कम्पनी का वाहन एम्बुलेंस के रूप में साज–सज्जा के साथ विश्वविद्यालय के एल्युमिनाई संगठन (एल्युमिनाई अल्मामेटर एडवांसमेंट एसोशिएशन–4ए) को उपलब्ध कराया गया, जिसका उपयोग विश्वविद्यालय चिकित्सालय के द्वारा कालान्तर में किया जायेगा। इस एम्बुलेंस का लोकार्पण विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अध्यक्ष–4ए डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा फीता काट कर किया गया। कुलपति द्वारा भारतीय स्टेट बैंक, पन्तनगर के प्रयासों की प्रशंसा की गयी। इस एम्बुलेंस का प्रयोग पन्तनगर के छात्रों एवं परिसरवासियों के स्वास्थ्य संबंधित सेवाओं के लिए किया जायेगा। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक के श्री विनोद सेमवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक– टए ऊधमसिंह नगर एवं श्री प्रकाश चन्द्र पाण्डे, मुख्य प्रबंधक, पन्तनगर शाखा को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। 4ए के सचिव एवं मुख्य समन्वयक डा. जे.पी. जायसवाल ने बताया कि एम्बुलेंस जैसी अति महत्वपूर्ण सुविधा विश्वविद्यालय के कुलपति एवं भारतीय स्टेट बैंक, पन्तनगर के मुख्य प्रबंधक के प्रयासों से सम्भव हो सकी है। श्री मुकुन्द अग्रवाल, चार्टर्ड एकाउंटेंट, लखनऊ का एम्बुलेंस प्राप्त करने के लिए वांछित विभिन्न अभिलेखो को उपलब्ध कराने में पर्याप्त सहयोग रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्य, कुलसचिव, निदेशक, अधिष्ठाता उपस्थित थे। 4ए के कार्यकारिणी मण्डल के उपाध्यक्ष ई. एम.के. अग्रवाल तथा डा. सुनीता टी. पाण्डेय, संयुक्त सचिव डा. राजीव रंजन, महाविद्यालयों के समन्वयक डा. एस.सी. त्रिपाठी, डा. अदिति वत्स तथा विश्वविद्यालय चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी डा. ए.एच. अहमद एवं चिकित्सालय के अन्य कर्मी तथा भारतीय स्टेट बैंक पन्तनगर के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

एम्बुलेंस का फीता काटकर लोकापर्ण करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।

कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं डा. जे.पी. जायसवाल को एम्बुलेंस भेंट करते बैंक के अधिकारीगण।